# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीदासर चूरू

पीठासीन अधिकारी :– अमिलाल यादव (आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र संख्या :– 26/2023

दिनांक :– 26/12/2024

1. हरजीराम पुत्र नारायणराम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 34 सुजानगढ़ तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू राजस्थान

..... प्रार्थी ...

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार साहब बीदासर जिला चूरू राजस्थान
2. नेमीचन्द पुत्र रूघाराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी सांडवा तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान
3. पेमाराम पुत्र रूघाराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी सांडवा तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान
4. फतु पुत्री रूघाराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी सांडवा तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान
5. बन्शीराम पुत्र रूघाराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी सांडवा तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान
6. रामूराम पुत्र रूघाराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी सांडवा तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान

... अप्रार्थी .....

1. नर्मदा गोदारा पत्नी दिनेश जाति जाट निवासीनी ई–21 मन मंदिर के पास कान्ता खतुरया कॉलोनी, बीकानेर तहसील व जिला बीकानेर राजस्थान

गौणअप्रार्थी

प्रार्थना पत्र एक्स में संशोधन बाबत्

निर्णय

उपस्थित :–

1. रघुवीर भांभू एडवोकेट वास्ते प्रार्थी
2. पैरोकार राज वास्ते अप्रार्थी संख्या 01

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी हरजीराम पुत्र नारायणराम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 34 सुजानगढ़ तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू राजस्थान ने रोही ग्राम सांडवा में अपने कब्जा काश्त उपयोग उपभोग का एक खेत खसरा नंबर पुराना 1337/1004 तादादी 14 बिघा 3 बिस्वा प्रार्थी रूघाराम पुत्र गंगाराम के नाम से खातेदारी दर्ज थी जिसके वर्तमान खसरा नंबर 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर व 1404/1337 तादादी 3.0730 हैक्टेयर वाके रोही सांडवा तहसील बीदासर में स्थित है मूल खसरा नंबर 1337/1004 तादादी 14 बिघा 3 बिस्वा में से प्रार्थी ने खातेदार रूघाराम से जरीये पंजिकृत विकय पत्र दिनांक 10/06/2009 को 1 बिघा (0.2529 हैक्टेयर) भूमि क्रय की थी।

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर (चूरू)

लगातार 2 पर

जिसके क्रय करते समय विक्रय पत्र में आरो पारो इस प्रकार दर्शित किये थे कि उत्तर में बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 व दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम की, पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला दर्शित करते हुए प्रार्थी ने भूमि क्रय कर उप पंजियक सुजानगढ़ से पंजिकृत करवायी थी। प्रार्थी ने सड़क साण्डवा से उडवाला के पूर्वी तरफ व खसरा नम्बर 1004 खातेदार गोमती जिसके वर्तमान खसरा नम्बर 1335/1004 रामकोरी व 1336/1004 गोमती के खातेदारों के उतरी तरफ चिपता ही प्रार्थी ने भूमि क्रय कि थी। जिसके वर्तमान खसरा संख्या 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर राजस्व रेकार्ड में दर्ज चला आ रहा है जब प्रार्थी की खरीद शुदा भूमि का विक्रय पत्र पटवारी हल्का को ले जाकर दिया तब पटवारी हल्का ने उक्त भूमि का नामांतरकरण संख्या 1596 दर्ज किया। पटवारी हल्का ने नामांतरकरण संख्या 1596 दर्ज करते समय एक्स में तरमीम करते वक्त गलती से प्रार्थी की जरिये विक्रय पत्र दिनांक 10/06/2009 खरीद शुदा भूमि के विक्रय पत्र का अवलोकन नहीं करते हुए व विक्रय पत्र में वर्णित आसा पासा के अनुसार तरमीम नहीं की। पटवारी हल्का ने प्रार्थी के खेत खसरा संख्या मूल 1337/1004 रोही ग्राम सांडवा के नक्शे में प्रार्थी के खातेदारी खेत वर्तमान खसरा संख्या 1403/1337 के उत्तर में बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004, दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम की, पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला नक्शा एक्स में तरमीम करनी चाहीए थी जो पटवारी हल्का ने प्रार्थी के खेत खसरा संख्या 1403/1337 की तरमीम वर्तमान खसरा संख्या 1404/1337 के बिच में तरमीम कर उत्तर पूर्व व दक्षिण तरफ बाकी मान्दा भूमि मूल खसरा संख्या 1337/1004 को व पश्चिमी तरफ सड़क आम दर्शाते हुए नक्शा एक्स में तरमीम की गई है जो सही नहीं है इसलिए प्रार्थी के लिए आवश्यक हो गया है कि वोह राजस्व एक्स में संशोधन करवाकर वर्तमान खसरा नंबर 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर को वर्तमान राजस्व एक्स में संशोधन कर प्रार्थी के विक्रय पत्र में अंकित आसा पासा अनुसार खसरा नम्बर 1403/1337 के उतर की तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 जिनके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम व वर्तमान खातेदार रामकोरी पत्नी मनोहरलाल व पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि 1337/1004 जिसके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला में राजस्व रेकार्ड के नक्शा एक्स में संशोधन करवाने का प्रार्थी को अधिकार प्राप्त है।

प्रार्थी द्वारा जरिये वकील प्रार्थना पत्र पेश किया अप्रार्थीगण को तलब किया गया अप्रार्थी संख्या 02 ता 06 स्वयं उपस्थित होकर राजीनामा पेश कर तस्दीक करवाया व प्रार्थी के प्रार्थना पत्र का समर्थन किया। अप्रार्थी संख्या 01 ने अपना जवाब प्रस्तुत किया। इस प्रकार प्रार्थी कि ओर से उक्त प्रार्थना पत्र का कोई विरोध व खिलाफ का जवाब पेश नहीं हुआ। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र को स्वीकार करने का निवेदन किया है।

लगातार 3 पर

प्रार्थी वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में मौखिक बहस में निवेदन किया कि प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 2 ता 6 के संयुक्त खातेदारी के खेत खसरा संख्या खसरा नंबर पुराना 1337/1004 तादादी 14 बिघा 3 बिस्वा प्रार्थी रूघाराम पुत्र गंगाराम के नाम से खातेदारी दर्ज थी जिसके वर्तमान खसरा नंबर 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर व 1404/1337 तादादी 3.0730 हैक्टेयर वाके रोही सांडवा तहसील बीदासर में स्थित है मूल खसरा नंबर 1337/1004 तादादी 14 बिघा 3 बिस्वा में से प्रार्थी ने खातेदार रूघाराम से जरीये पंजिकृत विक्रय पत्र दिनांक 10/06/2009 को 1 बिघा (0.2529 हैक्टेयर) भूमि कय की थी। जिसके कय करते समय विकय पत्र में आसे पासे इस प्रकार दर्शित किये थे कि उतर में बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 व दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम की, पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला दर्शित करते हुए प्रार्थी ने भूमि कय कर उप पंजियक सुजानगढ़ से पंजिकृत करवायी थी। जिसको पटवारी हल्का ने नामांतरकरण संख्या 1596 दर्ज करते समय गलती से नामान्तरकरण दर्ज करते समय तरमीम (नक्शा एक्स) जो पंजिकृत दस्तावेज में उल्लेखित आसे पासे के अनुसार तरमीम नहीं की गई थी। जिसको सुधारकर मुताबिक विकय पत्रं में अंकितानुसार आसा पासा के अनुसार वर्तमान राजस्व रेकार्ड शुद्व करते हुए राजस्व रेकार्ड में दर्ज किया जावे।

पत्रावली का अवलोकन किया। बहस वकील प्रार्थी की सुनी गई। प्रार्थी वर्तमान राजस्व एक्स में संशोधन करवाकर वर्तमान खसरा नंबर 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर को वर्तमान राजस्व एक्स में संशोधन कर प्रार्थी के विकय पत्र में अंकित आसा पासा अनुसार खसरा नम्बर 1403/1337 के उतर की तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 जिनके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम व वर्तमान खातेदार रामकोरी पत्नी मनोहरलाल व पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि 1337/1004 जिसके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला में राजस्व रेकार्ड के नक्शा एक्स में संशोधन करवाने का प्रार्थी को अधिकार प्राप्त है जो किया जाना उचित है।

## आदेश

प्रार्थी हरजीराम द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस प्रकार स्वीकार किया जाता है कि प्रार्थी खातेदारी भूमि रोही सांडवा के खसरा नंबर 1403/1337 तादादी 0.2529 हैक्टेयर को वर्तमान राजस्व एक्स में संशोधन कर प्रार्थी के विकय पत्र में अंकित आसा पासा अनुसार खसरा नम्बर 1403/1337 के उतर की तरफ बाकी मान्दा भूमि खेत खसरा नंबर 1337/1004 जिनके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व दक्षिणी तरफ भूमि गोमती पत्नी आईदानाराम व वर्तमान खातेदार रामकोरी पत्नी मनोहरलाल व पूर्वी तरफ बाकी मान्दा भूमि 1337/1004 जिसके वर्तमान खसरा नंबर 1404/1337 व पश्चिमी तरफ सड़क साण्डवा से उडवाला में राजस्व रेकार्ड के नक्शा एक्स में संशोधन करवाने का प्रार्थी को अधिकार प्राप्त है। वर्तमान राजस्व रेकार्ड के नक्शा एक्स में संशोधन किया जावे। प्रार्थी की रजिस्ट्री पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 204 दिनांक 10.06.2009 आदेश का भाग रहेगा। आदेश कि पालना हेतु तहसीलदार बीदासर को अलग से लिखा जावे।

आदेश आज दिनांक 26/12/24 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर (चूरू)